सर्व शिक्षा अभियान मिशन

सब पढें, सब बढें

वार्षिक अहेवाल - २००६-२००७

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद्
सर्व शिक्षा अभियान मिशन
सेक्टर - १७,गांधीनगर
गुजरात

गुजरात

बनासकांठा
कच्छ
पाटण
महेसाणा
साबरकांठा
गांधीनगर
दाहोद
सुरेन्द्रनगर
अहमदाबाद
खेडा
पंचमहाल
आणंद
जामनगर
राजकोट
वडोदरा
भरुच
नर्मदा
पोरबंदर
भावनगर
अमरेली
सुरत
जुनागढ
नवसारी
डांग
वलसाड



सब पढ़ें, सब बढ़ें

वार्षिक अहेवाल - २००६-२००७

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद्
सर्व शिक्षा अभियान मिशन
सेक्टर - १७,गांधीनगर
गुजरात

अनुक्रमणिका

क्रम	विषय	पृष्ठ संख्या
प्रकरण : १	गुजरात : राज्य की विशेषताएं	१
प्रकरण : २	अध्यापनविद्या परिप्रेक्ष्य में	३
प्रकरण : ३	वृरस्थ शिक्षा	९
प्रकरण : ४	समुदायों का अभिप्रेरण	१३
प्रकरण : ५	कन्या शिक्षा की समस्याओं का समाधान	१७
प्रकरण : ६	विकल्प वैकल्पिक शिक्षा का	२०
प्रकरण : ७	विकलांग बच्चों के लिए संकलित शिक्षा	२४
प्रकरण : ८	मिडिया और अनुलेखन	३१
प्रकरण - ९	मेनेजमेन्ट इन्फोर्मेशन सिस्टम (MIS)	३३
प्रकरण - १०	प्लानिंग एन्ड मेनेजमेन्ट	३४
प्रकरण - ११	निर्माण कार्य	३६
प्रकरण - १२	वित्त और लेखा	४०

आमुख

चूं कि शैक्षिक पिरामिड की बुनियाद प्राथमिक शिक्षा होती है, गुजरात सरकार ने इसके विकास को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य में हर बस्ती से एक किलोमीटर की त्रिज्या में एक प्राथमिक स्कूल है तथा शिक्षक विद्यार्थी अनुपात १:३४ है, जो कि राष्ट्रीय मापदंडो के अनुसार ठीक ही है ।

विविध योजनाओं के अमलीकरण का परिणाम यह प्राप्त हुआ है कि कक्षा १ से ७ के बच्चों का स्कूल छोड जाने का दर, जो कि १९९६-९७ में ४९.४९ था, घटकर वर्ष २००६-०७ में १०.२९ पर आ पहुँचा है अर्थात् स्थायीकरण दर अब ८९.७१ है । कक्षा १ से ५ के बच्चों का स्कूल छोड जाने का दर वर्ष १९९६-९७ में ३५.४० था, जो कि वर्ष २००६-०७ में घटकर ३.२४ हुआ है अर्थात् इनका स्थायीकरण दर ९६.७६ है ।

गुजरात में वर्ष - २००६-०७ के दौरान कुल १,७४,५०४ शिक्षकों को ३४,५०,०२४ मानव दिवसों के लिये प्रशिक्षण डिस्ट्रीक्ट प्रोजेक्ट ऑफिस तथा डायट द्वारा दिया गया । जिला परियोजना इकाईयों द्वारा बी.आर.सी. स्तर पर तथा डायट द्वारा बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. स्तर पर इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित किया गया ।

बडी संख्या में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए टेलिकोन्फरन्सिंग एक किफायती माध्यम साबित हुआ । इस माध्यम को कन्या शिक्षा प्रोत्साहन, वैकल्पिक शिक्षा के व्यवस्थापन, विकलांगों के लिए एकीकृत शिक्षा के संचालन एवं अगले वर्ष के लिए वार्षिक कार्य योजना और बजेट की तैयारी करने जैसे विषयों का जिला, बीआरसी तथा सीआरसी कोऑर्डिनेटर को प्रशिक्षण देने के लिए असरदार तरीके से उपयोग किया गया । विकलांगों की शिक्षा के विषय पर आयोजित ऐसी ही एक टेलिकोन्फरन्स में हमने एक मंदबुद्धि बालक रेझा के साथ साक्षात्कार किया था, जिसने अपनी खूबसूरत चित्रकारी के लिए कइ राष्ट्रीय और आंतरराष्ट्रीय पारितोषिक जीते हैं । इस कार्यक्रम में उसकी माताने उसकी परवरिश के बारे में तथा अन्य संबंधित समस्याओं के बारे में अपने निजि अनुभवों की चर्चा की ।

एन.पी.ई.जी.ई.एल ने इस वर्ष के दौरान खूब गति हांसिल की और एम. एस. ए. के कन्या शिक्षा घटक को सुदृढ किया । वर्ष २००६-०७ के दौरान इस योजना से कुल ११,४२,९७८ कन्याएं लाभान्वित हुई । इसके एक नये कार्यक्रम 'समता' द्वारा कक्षा २, ३ और ४ के गणित और गुजराती विषयों के अतिरिक्त वर्गों द्वारा बच्चों की सिद्धि स्तर को बढाने की कोशिश की गई । यह अतिरिक्त वर्ग हर क्लस्टर की ५ स्कूलों में बालमित्रों द्वारा विशेष मोड्युल के अनुसार चलाये गए । गुजरात के कुल १८ जिलों में कुल मिलाकर ४४ के.जी.बी.वी खोली गई, जिनमें १८ ए - प्रकार की (११५० कन्याएं दाखिल), १२ बी - प्रकार की (५०२ कन्याएं नामांकित) १४ सी - प्रकार की (५७५ कन्याएं नामांकित) थीं । इन सभी के.जी.बी.वी में कुल २२२७ कन्याएं नामांकित हैं ।

वर्ष के दौरान लक्षित २,८८,८५० स्कूल के बाहर रहनेवाले बच्चों मेंकी कुल १,९५,३७८ बच्चों को गुजरात के वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम के ब्रेक-टू-स्कूल प्रोग्राम के अंतर्गत समा लिया गया । स्कूल से बाहर रहे कुल १,४८,३८० बच्चों को सफलतापूर्वक स्कूलों में वापस लाया गया है, जिनमें ७३,८८१ कन्याएं और ७४,४९९ कुमार शामिल है ।

सप्टेम्बर, २००६ में पूर्ण हुए सर्वेक्षण के अनुसार गुजरात के सभी जिलों में ६-१८ वयजूथ के विभिन्न विकलांगता वाले कुल ७१,२४४ बच्चे है, जिन में ६१,२२४ स्कूल में और १०,०२० स्कूल से बाहर हैं । वर्ष २००५-०६ और २००६-०७ में कुल ४५,६५० विशेष आवश्यकतावाले बच्चों को विभिन्न प्रकार की साधन सामग्री दी गई ।

गुजरात में राज्य सरकार द्वारा कन्या शिक्षा में सुधार लाने के लिए किये गए प्रयासों के विषय में एक ३० - मिनट की अंग्रेजी दस्तावेजी फिल्म अहमदाबाद के सरदार पटेल इन्स्टीट्यूट ऑफ पब्लीक एडमिनिस्ट्रेशन के लिए बनाई गई । कन्या शिक्षा सुधार पर उक्त फिल्म के साथ एक विस्तृत केस स्टडी भी बनाया गया और सरदार पटेल इन्स्टीट्यूट ऑफ पब्लीक एडमिनिस्ट्रेशन को सौंपा गया ।

इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेन्ट के रवि मथाई सेन्टर फोर एज्युकेशन इनोवेशन के पुस्तक "शिक्षा संगम इनोवेशन अन्डर एस.एस.ए." में गुजरात में टेलिकोन्फरन्सिंग, रेइन-वोटर हार्वेस्टिंग, कन्या शिक्षा के लिए एन.पी.इ.जी.इ.एल. तथा अन्य कार्यक्रमों के विषय में विस्तृत लेख प्रकाशित किये गए ।

सर्व शिक्षा अभियान गुजरात का बच्चों को खेलकूद की सहूलतों के साथ शिक्षा प्रदान करने का प्रयास 'बाला' (बिल्डींग एझ ए लर्निंग एइड) स्कूल भवन के विभिन्न भागों को विशेष तौर पर निर्मित करके, शिक्षा में सर्वांगी एवं गुणवत्तासभर सुधार लाने की दिशा में एक नवाचारी संकल्पना है । राज्यभर में मोडल स्कूल्स विकसित करने के इस कार्यक्रममें १०० नये स्कूलों तथा १५० प्रवर्तमान स्कूलों को शामिल किया गया है । इन सभी मोडेल स्कूलों में तमाम इच्छनीय सहूलतें प्रदान की जाती हैं, जैसे कि फर्निचर, उपकरण, बिजली, ग्रंथालय, कम्प्यूटर लेबोरेटरी, शौचालय, पेयजल सुविधा और विशेष आवश्यकतावाले बच्चों के लिए पहुंच, इत्यादि । उपरांत, खेल-कूद के साधन और सहूलतें, वर्गखंड तथा गलियारों का समुचा विकास स्कूल की अध्यापन की आवश्यकता और सामर्थ्य के अनुसार किया जाता है । ये सभी मिलकर स्कूल के परिसर में सीखने के लिए एक अधिक सुविधापूर्ण वातावरणका निर्माण करता है ।

कुल मिलाकर देखा जाए तो परियोजना के लक्ष्यों को सिद्ध करने की दृष्टि से सभी घटकों के तहत इस वर्ष के दौरान संतोष-जनक प्रगति हुई है । यह वर्ष एस. एस. ए. मिशन के लिए मध्य-बिंदु का भी वर्ष था और यह देखकर हौसला बहुत मजबूत हुआ कि हम सही रास्ते पर हैं । हमारे यहां राज्य से आधार स्तर तक कर्मियों की क्षमता निर्मित हो चूकी है, सुचारु तंत्र स्थापित हो चूका है और संचालन प्रणालि अच्छे से काम कर रही है, यह देखते हुए, लगता है कि हम सभी लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर लेंगे, जो कि सिर्फ वक्त की ही बात है । जी हां ! यह सिर्फ वक्तभर की ही बात है।

(मीना भट्ट)

स्टेट प्रोजेकट डायरेकटर

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद

प्रकरण : १

गुजरात : राज्य की विशेषताएं

१.० विस्तार और जनसंख्या

गुजरात का विस्तार है करीब १.९६ लाख वर्ग कि.मी. । राज्य २५ जिलों और २२४ तालुकों में विभाजित है । जनगणना २००१ के हंगामी आंकडों के अनुसार राज्य की कुल आबादी ५.०६ करोड है ।

भारत का ६.१९ प्रतिशत विस्तार गुजरात है । राज्य की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का ४.९३ प्रतिशत है ।

१.१ घनता

गुजरात में आबादी की घनता २५८ व्यक्ति प्रति किलोमीटर थी वर्ष २००१ में । अहमदाबाद जिले में सर्वाधिक घनता पाई गई है, जो कि ७१८ व्यक्ति प्रति किलोमीटर हैं, जबकि सब से कम घनता कच्छ जिले में पाई गई है, जहां ३५ व्यक्ति प्रति किलोमीटर विस्तार में रहते है ।

१.२ लैंगिक अनुपात

गुजरात का लैंगिक अनुपात, जो कि १९९१ में ९३४ था, घटकर ९२१ हुआ है। डांग और अमरेली जिलों में सर्वाधिक अनुपात ९८६ है, जब कि सुरत जिले का लैंगिक अनुपात ८३५ राज्य में सबसे कम है।

अनुसूचित जाति के लिये राज्य का लैंगिक अनुपात ९२५ है, जो कि शहरी विस्तारों में ९११ और ग्रामीण विस्तारों में ९३४ है । अनुसूचित जनजाति के लिये राज्य का लैंगिक अनुपात ९७४ है, जो कि शहरी विस्तारों में ९२६ और ग्रामीण विस्तारों में ९७८ है ।

१.३ साक्षरता

राज्यकी साक्षरता (० - ६ वर्ष के बच्चों के अलावा), जो कि वर्ष १९९१ में ६१.२९ प्रतिशत थी, वर्ष २००१ में बढकर ६९.१४ प्रतिशत हुई है। पुरुषों में साक्षरता वर्ष १९९१ में ७३.१३ प्रतिशत थी, जो कि वर्ष २००१ में बढकर ७९.६६ प्रतिशत हुई है, जब कि महिला साक्षरता, जो कि वर्ष १९९१ में ४८.६४ प्रतिशत थी, वर्ष २००१ में बढकर ५७.८६ प्रतिशत हुई है। ग्रामीण विस्तारों का साक्षरता दर ६१.२९ प्रतिशत है, जब कि शहरी विस्तारों में साक्षरता दर ८१.८४ प्रतिशत है। सर्वाधिक साक्षरता दर ७९.८९ प्रतिशत अहमदाबाद जिले का रहा, जब कि न्यूनतम साक्षरता दर ४५.६५ दाहोद जिले का पाया गया।

१.४ शहरीकरण

जनगणना २००१ के हंगामी आंकडों के अनुसार गुजरात की ३७.३५ प्रतिशत आबादी शहरी विस्तारों में रहती है । कच्छ, जामनगर और राजकोट जिले के आंकडे इसमें शामिल नहि, क्युंकि भूकंप के कारण इन जिलो में जनगणना सम्पन्न नहि हो सकी थी । वर्ष १९९१ में यह शहरी जनसंख्या ३४.४९ प्रतिशत थी । राज्य में सब से अधिक शहरीकृत जिला अहमदाबाद है जहां ८०.०९ प्रतिशत आबादी शहरी विस्तारों मे रहती है, जब कि डांग एक ऐसा जिला है जो कि संपूर्ण ग्रामीण है जहां शहरी जनसंख्या बिलकुल नहि है।

१.५ अनुसूचित जातियाँ एवं अनुसूचित जनजातियाँ

जनगणना २००१ के अनुसार, राज्य में अनुसूचित जाति की आबादी ३५,९२,७१५ है, जो कि कुल आबादी का ७.९ प्रतिशत है । इनमें १८,६६,२८३ पुरुष हैं, जो कि ७.०७ प्रतिशत है और १७,२६,४३२ महिलाएँ हैं, जो कि ७.११ प्रतिशत हैं । राज्य में अनुसूचित जाति की शहरी आबादी १४,१२,२२४ है, जो कि ३९.३१ प्रतिशत हैं । ग्रामीण विस्तारो में अनुसूचित जाति की आबादी २१,८०,४४१ है जो कि ६०.६९ प्रतिशत है ।

जनगणना २००१ के अनुसार, राज्य में अनुसूचित जनजाति की आबादी ७४,८१,१६० है, जो कि कुल आबादी का १४.७६ प्रतिशत है । इन में ३७,९०,११७ पुरुष हैं, जो कि १४.३६ प्रतिशत है और ३६,९१,०४३ महिलाएँ हैं, जो कि १५.२० प्रतिशत

हैं । राज्य में अनुसूचित जनजाति की शहरी आबादी ६,१४,५२३ है, जो कि ८.२१ प्रतिशत है । ग्रामीण विस्तारों में अनुसूचित जनजाति की आबादी ६८,६६,६३७ है, जो कि ९१.७९ प्रतिशत है ।

१.६ प्राथमिक शिक्षा

चूंकि शैक्षिक पिरामिड की बुनियाद प्राथमिक शिक्षा होती है, गुजरात सरकार ने इसके विकास को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य में हर बस्ती से एक किलोमीटर की त्रिज्या में एक प्राथमिक स्कूल है तथा शिक्षक विद्यार्थी अनुपात १:३४ है, जो कि राष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार ठीक ही है।

विविध योजनाओं के अमलीकरण का परिणाम यह प्राप्त हुआ है कि कक्षा १ से ७ के बच्चों का स्कूल छोड़ जाने का दर, जो कि १९९६ - ९७ में ४९.४९ था, घटकर वर्ष २००६ - ०७ में १०.२९ पर आ पहुँचा है अर्थात् स्थायीकरण दर अब ८९.७१ है । कक्षा १ से ५ के बच्चों का स्कूल छोड़ जाने का दर वर्ष १९९६-९७ में ३५.४० था, जो कि वर्ष २००६-०७ में घटकर ३.२४ हुआ है अर्थात् इनका स्थायीकरण दर ९६.७६ है ।

वर्ष २००६-०७ के दौरान राज्य में कुल ३९,१८३ प्राथमिक स्कूल्स हैं जिन में ३३,०६१ सरकार/पंचायतों द्वारा चलाए जाते हैं जबकि ६,०८२ सहायित/असहायित निजी संस्थानों द्वारा ।

इस वर्ष के दौरान कक्षा १ से ७ में बच्चों का कुल नामांकन ७५,४३,७२८ है, जिनमें ४०,४३,१६२ लडके तथा ३५,००,५६६ लडकियाँ हैं। १ से ५ में बच्चों का कुल नामांकन ५७,३२,७०८ है, जिनमें ३०,३७,३४४ लडके तथा २६,९५,३६४ लडकियाँ हैं।

१.७ मुफ्त पाठ्य - पुस्तकें

जिला शिक्षा समिति और म्युनिसिपल स्कूल बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में कक्षा १ से ७ के बच्चों को मुफ्त पाठ्य - पुस्तक देने की योजना का बहुत अच्छा असर हुआ है - इससे नामांकन तथा स्थायीकरण के दर में वृद्धि हुई है ।

१.८ प्राथमिक स्कूलों में कक्षा की बढोतरी

यह देखा गया है कि बच्चों के प्राथमिक शिक्षा पूर्ण न करने का प्रमुख कारण है गाँव में कक्षा ५ से आगे पढने की सुविधा न होना । इस समस्या को हल करने के लिए हर गाँव में कम-से-कम एक प्राथमिक स्कूल की कक्षा में बढोतरी करके उसे उच्चतर प्राथमिक स्कूल बनाया गया है।

१.९ विद्यालक्ष्मी योजना

विद्यालक्ष्मी योजना राज्य के उन गाँवों में लागू की गइ है जहाँ महिला साक्षरता ३५ प्रतिशत से कम है। इस योजना का उद्देश्य है प्राथमिक स्कूलों में कन्याओं का १०० प्रतिशत नामांकन और स्थायीकरण सिद्ध करना। इस के तहत कक्षा १ में नामांकित होनेवाली हर कन्या को रु. १०००० के मूल्य के नर्मदा बोन्ड दिए जाते हैं जो कि सात वर्ष के बाद परिपक्व होते हैं जिन्हें वह सात वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् ही प्राप्त कर सकती है।

१.१० विद्यादीप योजना

स्कूल में पढनेवाले बच्चों को बीमे की सुरक्षा प्रदान करने के हेतु से राज्य सरकारने विद्यादीप योजना शुरु की है। २६ जनवरी, २००१ के दिन भूकंप में जान गँवानेवाले बच्चों की स्मृति में शुरु की गइ इस योजना का लाभ प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चमाध्यमिक स्कूलों के बच्चों को प्राप्त होता है। राज्य सरकार इसके प्रिमियम की सालाना किश्त अदा करती है । इसके तहत रु. २५,००० की रकम का बीमा प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिये एवं रु. ५०,००० की रकम का बीमा माध्यमिक और उच्चमाध्यमिक स्कूल के बच्चों के लिए किया जाता है ।

प्राकृतिक मृत्यु और आत्महत्या के अलावा किसी भी दुर्घटना में जान गँवानेवाले बच्चे के माता-पिता को बीमा कम्पनी द्वारा बीमे की रकम अदा की जाती है । इस विषय में स्कूल के आचार्य द्वारा, बच्चे की मृत्युके एक सप्ताह के भीतर ही, एक नियत प्रमाणपत्र जारी किया जाता है । जिसके आधार पर बीमे की रकम १५ दिनों के भीतर ही चेक द्वारा अदा कर दी जाती है ।

प्रकरण : २

अध्यापनविद्या परिप्रेक्ष्य में

२.० अध्यापनविद्या प्रणालि का नवीनीकरण

सर्व शिक्षा अभियान के तहत गुजरात में अध्यापनविद्या के नवीनीकरण की प्रक्रिया को अप्रतिम सफलता प्राप्त हुई है । अध्यापनविद्या प्रणालि के नवीनीकरण की प्रक्रिया में अध्यापकों, विश्व विद्यालयों के व्यवसायियों, कोलेजों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ विचार विमर्श कर विकेन्द्रीकरण की ओर ज्यादा ध्यान दिया गया है। जिला स्तर पर भी ऐसे ही विचार विमर्शों की प्रणालि लागू करने के प्रयास किए गए है । ब्लोक एवं क्लस्टर के स्तर पर संसाधन केन्द्रों की रचना से प्रशासकीय निरीक्षण प्रणालि में भी बदलाव आया है। अब शिक्षकों के प्रशिक्षण के अनुसरण और सहायरूप मुलाकातों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जहाँ शिक्षकों को शैक्षिक मशवरे प्रदान किये जाते हैं, ताकि वे सिखने-सिखाने की बदलती स्थितियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें ।

उपर्युक्त संदर्भ में नई पाठ्यपुस्तकों के विकास, शैक्षिक मुल्यांकन, नई अध्यापन विद्या के प्रति शिक्षकों के अभिप्रेरण की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं, जिन्हें विद्यार्थी केन्द्रित, प्रवृत्ति आधारित एवं आनंददायी सिखाने / पढाने की पध्धति के विस्तृत परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है । अध्यापन विद्या के लिए विशेष रूप से गठित राज्य संसाधन जूथ अध्यापन विद्या के नवीनीकरण की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ब्लोक एवं क्लस्टर संसाधन केन्द्रों को कार्यान्वित किया गया है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी विद्यालयों को टी.एल.एम. और विद्यालय अनुदान मुहैया कराए गए है ।

२.१ कक्षा ८ के बच्चों को मुफ्त पाठ्य - पुस्तकें

राज्य सरकार के द्वारा कक्षा १ से कक्षा ७ के सभी बच्चों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें दी जाती हैं। गुजरात में सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा ८ की मुफ्त पाठ्य पुस्तकें सभी कन्याओं को तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के लडकों को दी जाती है ।

२.२ बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. को.ओर्डीनेटर्स की स्थिति

गुजरात के सभी जिलों में नियुक्त बी.आर.सी. / सी.आर.सी. संकलनकारों की स्थिति इस प्रकार है:

क्रम	जिला	बी.आर.भी की संख्या	सी.आर.सी की संख्या
१	अहमदाबाद	११	१४०
२	अहमदाबाद कोर्पोरेशन	-	४३
३	अमरेली	११	१२१
४	आणंद	८	१२५
५	बनासकांठा	१२	२००
६	भरुच	८	१०२
७	भावनगर	११	१४५
८	दाहोद	७	९५
९	डांग	१	३२
१०	गांधीनगर	४	५७
११	जामनगर	१०	१४४

क्रम	जिला	बी.आर.सी की संख्या	सी.आर.सी की संख्या
१२	जूनागढ	१४	१६४
१३	खेडा	१०	१८७
१४	कच्छ	१०	१७६
१५	महेसाणा	९	९६
१६	नर्मदा	४	७०
१७	नवसारी	५	८४
१८	पंचगहाल	११	१६६
१९	पाटण	७	६९
२०	पोरबंदर	३	३४
२१	राजकोट	१४	१४९
२२	राजकोट कोर्पोरेशन	-	२३
२३	साबरकांठा	१३	२१४
२४	सुरत	१४	२१८
२५	सुरत कोर्पोरेशन		३३
२६	सुरेन्द्रनगर	१०	१३५
२७	वडोदरा	१२	२१०
२८	वडोदरा कोर्पोरेशन		१६
२९	वलसाड	५	१०३
	कुल	२२४	३३५१

२.३ विद्यासहायको की नियुक्ति और प्रशिक्षण

गुजरात सरकार द्वारा लागू की गइ विद्यासहायक योजना के तहत, विद्यासहायकों की नियुक्ति अलग-अलग चरणों में लागू हो रही है । डायस रिपोर्ट के अनुसार ३०.९.२००६ के दिन गुजरात में कुल २,३२,७२५ शिक्षक कार्यरत थे, जब कि शिक्षकों के १२,८३४ पद रिक्त थे । वर्ष २००६-०७ के दौरान कुल २२,८२६ विद्यासहायकों को राज्यमें नियुक्त किया गया । वर्ष १९९८-९९ में शुरू की गई विद्यासहायक योजना के तहत, अबतक गुजरात में कुल ९४,८३९ विद्यासहायकों की नियुक्ति की गई है ।

पिछले वर्ष प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा इस वर्ष के दौरान बी.आर.सी. स्तर पर विद्यासहायकों को क्षमता आधारित प्रशिक्षण दिया गया। नए विद्यासहायकों को डीपीईपी और एसएसए के अमलीकरणमें उनकी भूमिका और कार्य प्रणालि के अलावा प्रवृत्ति आधारित उल्लासमय सीखने / पढने की प्रक्रिया की तकनीकों के बारे में अभिसंस्करित किया गया।

२.४ शिक्षक प्रशिक्षण

पूर्व की व्याख्यान आधारित एकपक्षीय प्रक्रिया के स्थान पर शिक्षक प्रशिक्षण में अब अधिक आंतरक्रिया युक्त द्विपक्षी प्रक्रिया को अपनाया गया है । इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाषण के स्थान पर प्रशिक्षार्थियों को एक प्रयोगात्मक अनुभव देने का प्रयास होता है, जैसे कि कोई प्रवृत्ति करना, भूमिका अदा करना, गद्यपाठ करना अथवा कुछ विशेष कार्य या कवायत करना ताकि तालीम के

दौरान ही स्वानुभव द्वारा पृथ्थकरण किया जा सके । इस प्रकार, प्रयोगात्मक प्रशिक्षणने पूर्व के उस प्रशिक्षण का स्थान लिया है जिस में प्रतिभागी की कोइ भुमिका नही होती थी।

२.४.१ एसएसए में शिक्षक प्रशिक्षण की रणनीति

अध्यापन-अध्ययन प्रक्रिया में शिक्षक की प्रमुख भुमिका होती है और वे वर्गखंड में गुणवत्ता सुधार के लिए जिम्मेदार होते है । वर्गखंड स्थिति में शिक्षक की क्षमता का आधार उसके विविध विषयों के ज्ञान एवं कौशल्य तथा अध्यापनविद्याकीय पध्धतिओं पर है । इसके उपरांत, शिक्षक के रुझान, तत्परता और रुचि के स्तर तथा बच्चों के माता-पिता एवं स्थानिक समुदायों के साथ आंतरक्रिया करने की क्षमता का भी वर्गखंड में गुणवत्ता सुधार करने में योगदान होता है ।

सामान्यतया शिक्षकों एवं स्कूलों की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें अध्यतन अध्यापनविद्याकीय पध्धतिओं एवं प्रक्रियाओं का शुमार किया जाता है । प्रशिक्षण से शिक्षकों के व्यवसायिक विकास में एवं सार्वत्रिक प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार में मदद मिलती है ।

गुजरात में ३३,०६१ प्रथामिक स्कूल है जिसमें व्यवसायिक रुप से प्रशिक्षित शिक्षको द्वारा शिक्षा दी जाती है ।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिला कर्मियों के मार्गदर्शन में बीआरसी एवं सीआरसी कोओर्डीनेटर्स के जरिये शिक्षकों को २० दिन की सेवाकालीन तालीम दी गई । डायेट्स द्वारा आवश्यकता अनुसार विषयवस्तु की तथा जिला परियोजना कार्यालय द्वारा एसएसए के व्यवस्थापन की तालीम दी गई । गुजरात एचीवमेन्ट प्रोग्राम (जी.ए.पी.) द्वारा सूचित कठिन बिंदुओं को सरल बनाया गया, जिन्हें एकीकृत करके विविध विषयों के मोडयूल्स डायेट्स द्वारा बनाये गए ।

सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यांकों को सिध्ध करने के लिए क्लस्टर और ब्लोक स्तर पर वर्गखंड आंतरक्रिया, टीएलएम विकास, प्रवेशोत्सव, संपूर्ण गुणवत्ता व्यवस्थापन, स्कूलों तथा शौचालयों को निभाना जैसे विविध विषयों की तालीम दी जाती है । स्टेट रीसोर्स ग्रुप (एस.आर.जी.) तथा डीस्ट्रीक्ट रीसोर्स ग्रुप (डी.आर.जी.) द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया जिन्हों ने क्लस्टर रीसोर्स ग्रुप (सी.आर.जी.) के सदस्यों को क्लस्टर स्तर के प्रशिक्षण की तालीम दी । आवश्यकता अनुसार ब्लोक तथा क्लस्टर स्तर पर विविध विषयों की अनुरामर्थन सामग्री मुद्रित की गई जिसे एस.आर.जी. तथा बी.आर.जी. को दिया गया ।

की रीसोर्स पर्सन्स (के.आर.पी.) को राज्य स्तर पर इस प्रकार के प्रशिक्षण की तालीम दी गई जिनके द्वारा जिला स्तर पर तथा जिला स्तर के के.आर.पी. द्वारा तालुका स्तर के रीसोर्स पर्सन्स को प्रशिक्षण दिया गया । अंततोगत्वा, ईन रीसोर्स पर्सन्स द्वारा क्लस्टर स्तर पर सभी शिक्षकों को वर्ष २००६-०७ के दौरान प्रशिक्षण दिया गया ।

एसएसए का एक उद्देश्य है प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता का सुधार करना । इसे सिध्ध करने के लिए प्राथमिक स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन एवं स्थायीकरण आवश्यक है । इस लक्ष्य को गुजरात में अंशतः सिध्ध किया गया है ।

शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के लिए यह जरुरी है की शिक्षकों को विषयवस्तु, कौशल्य पूर्ण वर्गखंड आंतरक्रिया तथा आधुनिक शिक्षा के अनुभव से सुसज्जित किया जाए । वर्ष २००६-०७ के दौरान राज्य में निम्नदर्शित विषयों पर शिक्षक-प्रशिक्षण दिया गया ।

२.४.२ गणित के कठिन बिंदुओं की असरदार शिक्षा का प्रशिक्षण

कक्षा ५, ६ और ७ के शिक्षकों को गणित के विविध कठिन बिंदुओं की असरदार शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, जैसे कि कठिन एकमों की पहेचान, व्याख्याओं, पदों, सूत्रों और प्रमेयों को विद्यार्थियों के समक्ष अच्छे से पेश करना तथा भूमिति के पाठों और आकृतियों को बेहतर पद्धति से समझाना ।

२.४.३ विज्ञान के कठिन बिंदुओं की असरदार शिक्षा का प्रशिक्षण

कक्षा ५, ६ और ७ के शिक्षकों को विज्ञान के कठिन बिंदुओं की असरदार शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, जैसे कि विविध

व्याख्याओं एवं संकल्पनाओं को समझाना, प्रयोगों का अच्छा निदर्शन करना तथापि विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक अभिगम, रुझान, अवलोकन एवं निर्णायक क्षमता को विकसाना, इत्यादि ।

२.४.४ व्याकरण प्रशिक्षण : हिन्दी, गुजराती और अंग्रेजी

कक्षा ५, ६ और ७ के शिक्षकों को हिन्दी, गुजराती और अंग्रेजी के व्याकरण के विविध अंगों का प्रशिक्षण दिया गया, जैसे कि क्रियापद, विशेषण, नाम, सर्वनाम, संयोजक, संयुक्ति, इत्यादि ।

२.४.५ भाषाओं का असरदार शिक्षण

कक्षा १ से ४ के शिक्षकों को भाषाओं की असरदार शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया जिसका उद्देश्यथा बच्चों के भाषाकीय कौशल्य एवं वाचनक्षमता का विकास करना ।

२.४.६ असरदार वर्गखंड आंतरक्रिया के लिए गणित के कौशल्यों का विकास

कक्षा ५, ६ और ७ के शिक्षकों को गणित की मूळभूत संकल्पनाओं की असरदार शिक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया गया जिसका हेतु था वर्गखंड आंतरक्रिया को सक्रिय और सरल बनाना ।

२.४.७ पर्यावरण की शिक्षा का प्रशिक्षण

कक्षा १ से ४ के शिक्षकों को पर्यावरण की असरदार शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया जिसके हेतु इस प्रकार थे: विद्यार्थियों में पर्यावरण एवं उसकी सुरक्षा के विषय में जागृति पैदा करना, इस विषय में उनकी अपनी भूमिका समझाना, विज्ञान और टेकनोलोजी में हुए विकास के बारे में समझाना इत्यादि। बच्चों में वाहनों एवं मार्ग सुरक्षाके बारे में जानकारी देने एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए शिक्षकों को तालीम दी गइ ।

२.४.८ पर्याप्त मूल्यांकन

कक्षा १ से ७ के शिक्षकों को विद्यार्थियों के मूल्यांकन के तमाम पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया, जैसे कि मौखिक, लेखित और प्रवृत्तियों की कसौटियों के लिए पर्याप्त मूल्यांकन सामग्री विकसित करना ।

२.४.९ लेखन, कथन और काव्यपठन के कौशल्यों का विकास

कक्षा १ से ७ के शिक्षकों को बच्चों में रचनात्मक कौशल्य विकसित करनेकी तालीम दी गइ, जैसे कि लेखन, कथन एवं काव्य पठन ।

२.४.१० सहअभ्यासिक प्रवृत्तियों के आयोजन

कक्षा १ से ७ के शिक्षकों को विद्यार्थियों के लिए विविध सहअभ्यासिक प्रवृत्तिओं के आयोजन की तालीम दी गइ । उन्हें बच्चों के लिए पर्यटन के हेतु भिन्न भिन्न विभागों और सत्ता मंडळों से मंजूरी प्राप्त करने तथा प्रवास के लिए आरक्षण प्राप्त करने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ।

२.४.११ प्रवेशोत्सव का आयोजन

कक्षा १ से ७ के शिक्षकों को प्रवेशोत्सव के सुचारु आयोजन की विशेष तालीम दी गइ ताकि वे स्थानिक जनसहयोग से ग्राम स्तर पर ६ से १४ वर्ष वयजुथ का एक भी बच्चा स्कूल से बाहर न रह पाए तथा नामांकित बच्चा प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करे ।

२.४.१२ विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा

अल्प से मामूली विकलांगतावाले बच्चों को उपयुक्त एवं पर्याप्त शिक्षा देने के हेतु से कक्षा १ से ७ के शिक्षकों को दृष्टि, श्रवण, अस्थि एवं मानसिक विकलांगताओं से संबंधित मुद्दों तथा समस्याओं का प्रशिक्षण दिया गया । इन बच्चों को मुख्य प्रवाह में सहजता से सम्मिलित करने के लिए उनकी विशेष आवश्यकताओं के बारे में शिक्षकों को संवेदित किया गया । विशेष जरूरतवाले इन बच्चों की शिक्षा के लिए स्थानिक स्तर पर जनसमर्थन एवं सहयोग प्राप्त करने के लिए उन्हें तालीम दी गई ।

२.४.१३ शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए ग्राम्य शिक्षण समिति की भूमिका

कक्षा १ से ७ के शिक्षकों को जन सहयोग सम्भावित करने के विषय में तथा स्थानिक युवा संगठनों तथा ग्राम्य शिक्षण समिति को स्कूल के संचालन एवं व्यवस्थापन में शामिल करने का प्रशिक्षण दिया गया ताकि उनके सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके ।

२.४.१४ शिक्षा के नए प्रवाहों की तालीम

कक्षा १ से ७ के शिक्षकों को सर्व शिक्षा अभियान के एन.पी.ई.जी.ई.एल, के.जी.बी.वी, कम्प्यूटर सहायित शिक्षा तथा जीवन कौशल्यों के विकास जैसे विविध घटकों की तालीम दी गई ताकि असरदार तरीकों से वे स्कूल के स्तर पर इनका व्यवस्थापन कर सकें ।

२.५ वर्ष २००६-०७ के दौरान गुजरात में जिलावार शिक्षक प्रशिक्षण

एस.एस.ए के तहत जिला स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. द्वारा स्थानिक डायेट के साथ मिलकर आयोजित किया जाता है, जिन्हें कि अध्यापनविद्याकीय तथा शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकताओं की पहचान तथा आयोजन करने की सत्ता प्रदान की गई है। इस हेतु विशेष धनराशि एस.एस.ए. के तहत इन्हें दी जाती हैं ।

गुजरात के सभी जिलों तथा म्युनिसिपल कोर्पोरेशन विस्तारों में शिक्षकों को आधुनिक अध्यापनविद्या के विविध आयामों की तालीम दी गई । उदाहरणार्थ, बालकेन्द्रित एवं संदर्भित टी.एल.एम. का निर्माण, सभी विषयों के कठिन बिंदुओं की असरदार शिक्षा, नई पाठ्य पुस्तकें, स्कूल स्तर का शैक्षिक आयोजन तथा सर्व शिक्षा अभियान की अमलवारी, इत्यादि । गुजरात में वर्ष - २००६-०७ के दौरान कुल १,७४,५०४ शिक्षकों को ३४,५०,०२४ मानव दिवसों के लिये प्रशिक्षण डिस्ट्रीक्ट प्रोजेक्ट ओफिस तथा डायट द्वारा दिया गया । जिला परियोजना इकाईयों द्वारा बी.आर.सी. स्तर पर तथा डायेट द्वारा बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. स्तर पर इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित किया गया, जिसका विवरण नीचे दिया गया है ।

एस.एस.ए. कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण (वर्ष २००५-०६)

क्रम	जिला	प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या	मानव दिवसों में प्रशिक्षित
१	अहमदाबाद	६३५७	११७८९२
२	अमरेली	५२३५	९९८०६
३	आणंद	६७०१	१३२५११
४	बनासकांठा	११६१४	२२५८८०
५	भरूच	४८२७	१००१६७
६	भावनगर	९७३६	१८७८१५
७	दाहोद	७४११	१४४९११
८	डांग	१३५४	२७५१०
९	गांधीनगर	४१४५	८४५५८
१०	जामनगर	६४३४	११४०३४
११	जूनागढ	८८९९	१४९२९९
१२	खेडा	८९५७	१७९३९०
१३	कच्छ	५७६०	११५३०५

क्रम	जिला	प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या	मानव दिवसों में प्रशिक्षित
१४	महेसाणा	६७५६	१५५७७५
१५	नर्मदा	२३७३	४९८४०
१६	नवसारी	४३०१	८४९३४
१७	पंचमहाल	१०२१९	२०७६७०
१८	पाटण	४७९७	१००८२४
१९	पोरबंदर	१६८०	३३१०८
२०	राजकोट	७१८०	१३८५८३
२१	साबरकांठा	१०५३१	२३५६७५
२२	सुरत	८०६८	१५५१९३
२३	सुरेन्द्रनगर	६२१२	१२४९११
२४	वडोदरा	९५०६	१८६५५२
२५	वलसाड	५०११	९७७८५
२६	अहमदाबाद कोर्पो.	५०४०	८९१२८
२७	वडोदरा कोर्पो.	१११३	२४५०७
२८	राजकोट कोर्पो	९०७	१७८४२
२९	सुरत कोर्पो.	३४४०	६९४१९
	कुल	१७४५०४	३४५००२४

२.६ टी.एल.एम. सामग्री

वर्गखंड में शिक्षा के आदान-प्रदान को असरदार बनाने के लिए टी.एल. एम. अनिवार्य है। प्रवृत्ति आधारित शिक्षा और बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली के प्रचलन के चलते गुजरात में एस.एस.ए. में 'जानकारी मुहैया' करवाने के बजाय 'अनुभवों पर आधारित' शिक्षा को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। आमतौर पर प्राथमिक शालाओं के स्तर पर देखा जाये तो गुजरात के विभिन्न समुदायों के पास टी.एल.एम. का एक सस्ता लेकिन प्रचुर मात्रा में सभर स्त्रोत मोजुद हैं । इसी विचार के चलते इस स्त्रोत का उपयोग कर कम खर्चीला टी.एल.एम. विकसित किया गया । शिक्षकों को वार्षिक रु. ५०० का अनुदान दिया गया, जिन्होंने उसका उपयोग टी.एल.एम. बनाने में किया । टी.एल.एम. के विकास और उत्पादन के लिए प्रशिक्षण शिबिरों का आयोजन किया गया ।

२.७ स्कुल अनुदान

स्कुलों में प्राथमिक सुविधाओं के विकास, जैसे कि, मामुली मरम्मत, अतिरिक्त प्रशिक्षण सामग्री की खरीदारी, आनंददायी तरीकों से शिक्षा प्रदान करने के लिए कुछ नए साधन एवं स्कुल के वातावरण को मोहक बनाने के लिए स्कुल की दिवारों पर चित्र बनाने जैसे कइ छोटे-मोटे कामों के लिए रु. २००० के स्कुल अनुदान भी आवंटित किये गए । इस अनुदान की राशि के उपयोग में लचीलापन होने की वजह से अब उन्हे स्कुल के विकास हेतु छोटी सी धनराशि के अनुदान के लिए लंबे अरसे तक राह नहीं देखनी पडती ।

प्रकरण : ३

दूरस्थ शिक्षा

३.० डी.ई.पी. - एस.एस.ए. युनिट

डी.पी.ई.पी. के प्रशिक्षण कार्यक्रमोंमें दूरस्थ शिक्षा को एक महत्वपूर्ण अंग बनाने के उद्देश्य से सन १९९७ में डिस्टन्स एज्युकेशन प्रोग्राम (डी.ई.पी.) अर्थात् दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी (ईग्नू) के सहयोग से शुरु किया गया था । इसके अनुसंधानमें डी.ई.पी. - डी.पी.ई.पी. युनिट गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद् के गांधीनगर स्थित राज्य परियोजना कार्यालय में शुरु किया गया था । सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) की शुरूआत राज्य में होने के पश्चात्, सप्टेम्बर २००३ में डी.ई.पी. - डी.पी.ई.पी. युनिट बंद कर दिया गया । उसके स्थान पर डी.ई.पी. - एस.एस.ए. युनिट को गुजरात में प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए १ अक्तुबर, २००३ को शुरु किया गया ।

३.१ डी.आर.एस. सेट्स

डायरेक्ट रिसेप्शन सिस्टम (डी.आर.एस.) सेट्स को सभी जिलों में तालुका स्तर पर तथा डी.पी.ई.पी. - २ के जिलों बनासकांठा, पंचमहाल एवं डांग में क्लस्टर स्तर पर लगाया गया है । अब तक कुल ३८० डी.आर.एस. सेट्स को गुजरात में लगाया गया है । राज्य के सभी डायेटसको भी डी.आर.एस. सेट्स प्रदान किए गए हैं। इनको लगाने से एस.एस.ए. के तहत दूरस्थ शिक्षा के राज्य स्तर के विविध कार्यक्रमों को आयोजित करने में सुविधा हो गई है ।

३.२ टेलिकोन्फरन्स

टेलिकोन्फरन्सिंग बडी संख्या में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए मूल्यात्मक रुप से एक असरदार माध्यम है । कास्केड मोड में देखी जानेवाली प्रसार क्षति प्रशिक्षण के इस प्रकार में नहीं होती । इसका उपयोग बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. को.ऑर्डिनेटर्स, शिक्षकों तथा डायेट के लेक्चरर्स को विविध विषयों पर प्रशिक्षित करने के लिए किया जाता है । इसका प्रयोग वी.ई.सी. के सदस्यों को प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रिकरण में उनकी भूमिका के विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भी किया गया है । अप्रैल, २००६ से मार्च २००७ के दौरान गुजरात में निम्न-वर्णित टेलिकोन्फरन्सीस आयोजित की गईं ।

३.२.१ कन्या शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रमों के आयोजन पर टेलिकोन्फरन्स

११ मई, २००६ को भास्कराचार्य ईन्स्टीट्यूट ओफ स्पेस एप्लीकेशन एवं जिओ-ईन्फोर्मेटिक्स (बी.आई.एस.ए.जी.) के गांधीनगर स्थित स्टूडियो से सर्व शिक्षा अभियान में कन्या शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम एन.पी.ई.जी.ई.एल एवं के.जी.बी.वी के असरदार आयोजन एवं अमलीकरण के विषय पर राज्य स्तरीय टेलिकोन्फरन्स की गई । सुश्री. मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टरने तजज्ञों की पेनल का नेतृत्व किया, जिसके अन्य सदस्य थे श्री हेमन्त शुक्ला, स्टेट को.ऑर्डिनेटर मिडिया, डोक्युमेन्टेशन और डिस्टन्स एज्युकेशन, सुश्री तृप्ति शेठ, स्टेट को.ऑर्डिनेटर, जेन्डर एज्युकेशन तथा सुश्री मोनिका शाह, डिस्ट्रीकट जेन्डर को.ऑर्डिनेटर ।

टेलिकोन्फरन्स में एक २३ - मिनट की फिल्म "भणती दीकरी ने कुल तारे" दिखाइ गई थी, जिसे अहमदाबाद दूरदर्शन केन्द्र ने भी एक बार प्रसारित किया था । उस फिल्म का केन्द्र बिंदु था ग्रामीण मानस में कन्या शिक्षा के महत्व के लिए जागृति पैदा करना । इस कार्यक्रम में चर्चा के पश्चात् प्रश्नोत्तरी के माध्यम से तजज्ञों द्वारा डिस्ट्रीक्ट, ब्लोक एवं क्लस्टर को.ऑर्डिनेटर्स तथा वी.ई.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए के सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया गया ।

३.२.२ वैकल्पिक शिक्षा पर प्रथम टेलिकोन्फरन्स

२८ सप्टेम्बर, २००६ को वैकल्पिक शिक्षा के विषय पर प्रथम टेलिकोन्फरन्स आयोजित की गई । तजज्ञों की पेनल का नेतृत्व सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टरने किया, जिस में अन्य सदस्य थे श्री हेमन्त शुक्ला, स्टेट को.ओर्डिनेटर, मिडिया, डोक्यूमेन्टेशन एवं डिस्टन्स एज्यूकेशन, डो. डी. आर. शर्मा, स्टेट को.ओर्डिनेटर प्लानिंग एन्ड मेनेजमेन्ट एवं रिसर्च - इवेल्यूएशन और श्री मयंक पटेल, डिस्ट्रीकट को.ओर्डिनेटर ।

डो. शर्माने वैकल्पिक शिक्षा की समस्याओं के विषय में चर्चा की । श्री मयंक पटेल ने इस विषय पर जिला स्तर के अपने अनुभवों की चर्चा की । कार्यक्रम के दौरान वैकल्पिक शिक्षा के विषय पर एक छोटीसी फिल्म भी दीखाई गई, जिसके बाद एक वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के बच्चों द्वारा लोकनृत्य "सनेडो" पेश किया गया । इस कार्यक्रम में चर्चा के पश्चात् प्रश्नोत्तरी के माध्यम से तजज्ञों द्वारा डिस्ट्रीक्ट, ब्लोक एवं क्लस्टर को.ओर्डिनेटर्स तथा वी.इ.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए के सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया गया ।

३.२.३ वैकल्पिक शिक्षा पर द्वितीय टेलिकोन्फरन्स

वैकल्पिक शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों के विषय पर द्वितीय टेलिकोन्फरन्स ११ डिसेम्बर, २००६ को आयोजित की गई । तजज्ञों का नेतृत्व सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने किया, जब कि पेनल के अन्य सदस्य थे डो. डी. आर. शर्मा, स्टेट को.ओर्डिनेटर, प्लानिंग - मेनेजमेन्ट एवं रिसर्च - इवेल्यूएशन, सुश्री जया शर्मा, सीआरसी को.ओर्डिनेटर एवं सुश्री गीता आचार्य, वीआरसी ।

डो. शर्मा ने वैकल्पिक शिक्षा के विभिन्न पहलूओं पर चर्चा की । सुश्री जया शर्माने सूरत म्युनिसिपल कोर्पोरेशन में अपने अनुभवों की चर्चा की तथा सुश्री गीता आचार्य ने वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के एक वर्ग का निर्देशन पाठ दिया । इस कार्यक्रम में चर्चा के पश्चात् प्रश्नोत्तरी के माध्यम से तजज्ञों द्वारा डिस्ट्रीक्ट, ब्लोक एवं क्लस्टर को.ओर्डिनेटर्स तथा वी.इ.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए के सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया गया ।

३.२.४ आई.ई.डी. पर टेलिकोन्फरन्स : दृष्टि की विकलांगतावाले बच्चों की शिक्षा

सर्व शिक्षा अभियान के इन्टीग्रेटेड एज्यूकेशन ओफ डिसेबल्ड चिल्ड्रन (आई.ई.डी) योजना में दृष्टि की विकलांगतावाले बच्चों को असरदार शिक्षा देने के विषय में एक टेलिकोन्फरन्स १९ डिसेम्बर, २००६ को की गई । उसके तजज्ञों की पेनल में थे सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, श्री राजेश मिस्त्री, स्टेट आई.ई.डी. को.ओर्डिनेटर, डो. भूषण पुनानी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, अंधजन मंडळ, अहमदाबाद और श्री जे. वी. कवि, स्पेश्यल एज्यूकेशन ।

दृष्टि की विकलांगतावाले बच्चों की शिक्षा संबंधी समस्याओं पर डो. पुनानी ने प्रेझन्टेशन किया। श्री राजेश मिस्त्री ने सर्व शिक्षा अभियान में आई. ई. डी. के तहत किए गए प्रयासों का ब्यौरा दिया । श्री कवि ने अहमदाबाद कोर्पोरेशन में दृष्टि की विकलांगतावाले बच्चों को मुख्य प्रवाह में संमिलित करने के विषय में अनुभवों की चर्चा की । इस कार्यक्रम में चर्चा के पश्चात् प्रश्नोत्तरी के माध्यमसे तजज्ञों द्वारा डिस्ट्रीक्ट, ब्लोक एवं क्लस्टर को.ओर्डिनेटर्स तथा वी.इ.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए के सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया गया ।

३.२.५ आई.ई.डी. पर टेलिकोन्फरन्स : श्रवण की विकलांगतावाले बच्चों की शिक्षा

सर्व शिक्षा अभियानकी आई.ई.डी. योजना के तहत श्रवण की विकलांगतावाले बच्चों को असरदार शिक्षा देने के विषय में एक टेलिकोन्फरन्स २८ डिसेम्बर, २००६ को की गई । तजज्ञों की पेनल में सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, श्री राजेश

मिस्त्री, स्टेट को. ऑर्डिनेटर, आई.ई.डी., सुश्री चेतना कोठारी, एल. के. इन्स्टीट्युट ऑफ डेफ, भावनगर तथा सुश्री नंदा ठक्कर, मेनेजर, रत्नानिधि चेरीटेबल ट्रस्ट, मुंबई ।

सुश्री कोठारी ने श्रवण की विकलांगतावाले बच्चों की विशेष समस्याओं पर प्रेझन्टेशन किया । श्री राजेश मिस्त्री ने उस बच्चों के लिए किए गए प्रयासों की चर्चा की । सुश्री ठक्कर ने सर्व शिक्षा अभियान के सहयोग से रत्नानिधि चेरीटेबल ट्रस्ट, मुंबई द्वारा किए गए प्रयासों के अनुभवों के बारे में बताया । गांधीनगर के श्रवण विकलांगतावाले बच्चों के एक जुथ ने राजस्थानी समुहनृत्य पेश किया । इस कार्यक्रम में चर्चा के पश्चात् प्रश्नोत्तरी के माध्यम से तजज्ञों द्वारा डिस्ट्रीक्ट, ब्लोक एवं क्लस्टर को.ऑर्डिनेटर्स तथा बी.इ.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए के सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया गया ।

३.२.६ वर्ष २००७-०८ के लिए एन्युअल वर्कप्लान और बजेट तैयारी पर टेलिकोन्फरन्स

२९ जान्युआरी, २००७ को वर्ष २००७-०८ के लिए एन्युअल वर्कप्लान और बजेट को जिला स्तर पर तैयार करने के विषय पर एक टेलिकोन्फरन्स आयोजित की गई । तजज्ञों की पेनल के नेतृत्व में थी सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जबकि अन्य सदस्य थे श्री हेमन्त शुक्ला, स्टेट को.ऑर्डिनेटर, मिडिया, डोक्युमेन्टेशन एवं डिस्टन्स एज्युकेशन, श्री ए. डी. पटेल, फायनान्स एडवाईझर और एकाउन्ट ऑफिसर, श्री दीपक चौहान, स्टेट को.ऑर्डिनेटर, एम. आई. एस. और श्री विवेक पटेल, असिस्टन्ट को.ऑर्डिनेटर, एम. आई. एस.।

श्री चौहान ने सर्व शिक्षा अभियान के लिए जिला स्तर पर वर्ष २००७-०८ के लिए एन्युअल वर्कप्लान एवं बजेट की तैयारी पर प्रेझन्टेशन किया । श्री विवेक पटेल ने विभिन्न घटकों की कीमत निश्चित करने एवं जिला स्तर पर आम तौर पर होनेवाली गलतियों की चर्चा की । इस कार्यक्रम में चर्चा के पश्चात् प्रश्नोत्तरी के माध्यमसे तजज्ञों द्वारा डिस्ट्रीक्ट, ब्लोक एवं क्लस्टर को.ऑर्डिनेटर्स तथा बी.इ.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए के सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया गया ।

३.२.७ आई.ई.डी. पर टेलिकोन्फरन्स : मंदबुद्धिवाले बच्चों की शिक्षा

सर्व शिक्षा अभियान की आई.ई.डी. योजना में मंदबुद्धिवाले बच्चों की शिक्षा के विषय में एक टेलिकोन्फरन्स २४ मार्च, २००७ को की गई । इस टेलिकोन्फरन्स में तजज्ञों की पेनल में सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टकर, सुश्री राजेश मिस्त्री, स्टेट आई.ई.डी. को.ऑर्डिनेटर, सुश्री मईदा वली उल्ला, वी. एम. इन्स्टीट्युट ऑफ ओक्युपेशनल हेल्थ, अहमदाबाद, सुश्री रेशमा शाह, आई.ई को.ऑर्डिनेटर, भावनगर और श्री प्रणव शाह, अंधजन मंडळ, अहमदाबाद ।

सुश्री सईदा वली उल्लाने मंदबुद्धि के बच्चों की शिक्षा की समस्याओं की चर्चा की । श्री राजेश मिस्त्री ने एस. एस. ए. की आई.ई.डी. योजना द्वारा मंदबुद्धि के बच्चों की शिक्षा के लिए किए गये प्रयासों की चर्चा की । सुश्री रेशमा शाह ने ईन बच्चों के संदर्भ में आई.ई.डी. के प्रभाव की चर्चा की । कार्यक्रम के दौरान रेझा नामक एक मंदबुद्धि बच्चें का इन्टर्व्यू भी लिया गया, जिसने आंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर चित्र-स्पर्धाओं में कइ इनाम जिते हैं । उसकी माता सुश्री सकीनी पंजनानी उसकी परवरिश एवं शिक्षा में उत्पन्न समस्याओं एवं उनके निराकरण पर चर्चा की । इस कार्यक्रम में चर्चा के पश्चात् प्रश्नोत्तरी के माध्यम से तजज्ञों द्वारा डिस्ट्रीक्ट, ब्लोक एवं क्लस्टर को.ऑर्डिनेटर्स तथा बी.इ.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए के सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया गया ।

३.२.८ राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स : कन्या शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रमों की समीक्षा

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद ने कन्या शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रमों की समीक्षा पर आधारित राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स में भाग लिया, जो १५ डिसेम्बर,२००६ को आयोजित हुई थी ।

३.२.९ राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स : एडेप्ट्स

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद ने एडवान्समेन्ट ऑफ एज्यूकेशनल परफोर्मन्स थ्रू टीचर्स सपोर्ट (एडप्ट्स) के विषय पर १५ मार्च, २००७ को आयोजित राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स में भाग लिया था ।

३.३ स्टेट रीसोर्स ग्रूप की बैठक

डी.ई.पी. - एस.एस.ए., गुजरात के स्टेट रीसोर्स ग्रूप (एस.आर.जी.) की बैठक २१ अगस्त, २००६ को गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद के स्टेट प्रोजेक्ट ओफिस के कोन्फरन्स होल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टरने की थी । श्री जे. वी. मित्तल, कन्सलटन्ट, डी.इ.पी. - एस.एस.ए. नइ दिल्ली ने भी इस महत्त्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया जिस में डीईपी- एसएसए की वर्ष २००५-०६ की प्रगति की समीक्षा तथा वर्ष २००६-०७ के एन्युअल वर्क प्लान और बजट की चर्चा की गई ।

३.४ वैकल्पिक शिक्षा एवं एनपीईजीईएल पर स्वअध्ययन सामग्री

वैकल्पिक शिक्षा एवं एनपीईजीईएल पर अलग-अलग स्वअध्ययन सामग्री को विकसित किया गया सभी बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. तक वितरित किया गया ।

३.५ आईईडी विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण के लिये सोफ्टवेर

सर्व शिक्षा अभियान के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के तहत गुजरात द्वारा मुख्य प्रवाह की स्कूलों में विशेष आवश्यकताओंवाले बच्चों को सीखाने के लिये शिक्षकों की अध्यापनविद्याकीय जरुरतों की आपूर्ति करने का प्रयास हो रहा है जिसके लिये ब्रेल लिपी की शिक्षा के लिये ३० मिनट की एक ऑडियो सीडी तथा श्रवण एवं दृष्टि की विकलांगता तथा मंदबुद्धि के बच्चों की शिक्षा के लिये ३० मिनट की ३ विडीयो सीडी को ब्लाईन्ड पीपल्स एसोसीयेशन (बीपीए), अहमदाबाद द्वारा निर्मित किया गया । इस मल्टी मीडिया पेकेज को सभी बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोओर्डीनेटर्स तक वितरित किया गया ।

प्रकरण : ४

समुदायों का अभिप्रेरण

४.० सामुदायिक अभिप्रेरण

सामुदायिक सहभागिता खडी करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान, एनपीईजीईएल एवं केजीबीवी के तहत राज्य में प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रीकरण के क्रिया-कलापों में सक्रिय जनसहभागीता उत्पन्न करना एक प्रमुख रणनीति रही है । गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद ने सफलतापूर्वक कई सहभागितापूर्ण कार्यरचनाएँ क्रियान्वित की है ।

४.१ अभिप्रेरण मुहिम

सामुदायिक जागृति और वातावरण निर्मित करने हेतु स्थानिक स्तर पर मुहिम की पद्धति का उपयोग किया गया । मई-जून, २००६ के दौरान, प्रिन्ट एवं दृश्य-श्राव्य माध्यमों के साथ-साथ स्थानिक स्तर पर सांस्कृतिक तौर पे योग्य माध्यमों का बालमहोत्सवों, प्रभात-जुलूस, मशाल-यात्राओं के लिये लगातार उपयोग किया गया ।

पिछले वर्ष के दौरान सामुदायिक अभिप्रेरण के लिए मुख्यतः निम्न दर्शित कार्यक्रम किए गये :

- सांस्कृतिक प्रतिभा खोज प्रवृत्तिओं का आयोजन ।
- विचारवस्तुलक्षी नाटिकाएँ और लोकनाट्य स्वरुपों का उपयोग, जैसे कि भवाई, कठपूतळी, सनेडो और तमाशा ।
- स्थानिक लोकमेलों में स्टॉल खडे किए गए ।
- स्थानिक समुदायों के लिए टी.एल.एम. प्रदर्शनियों का आयोजन ।
- आदिजाति विस्तारों में लडकियों के नामांकन हेतु विशेष मुहिमें की गईं ।
- कन्या-शिक्षा के लिए माँ-बेटी संम्मेलन आयोजित किए गए ।

४.२ सामुदायिक नेताओं के लिए प्रशिक्षण

सर्व शिक्षा अभियान के तहत क्लस्टर स्तर पर सामुदायिक नेताओं के लिये बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. को.ओर्डिनेटर्स के सहयोग से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । ईसके लिये प्रत्येक रेवेन्यु गाँव के वी.ई.सी., एम.टी.ए तथा पी.टी.ए. के सदस्यों में से चुने गये ८ सामुदायिक नेताओं की पहेचान की गई तथा ग्राम स्तर पे प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने की तालीम दी गई ।

सामुदायिक नेताओं को परियोजना के अमलीकरण मे मुख्य भूमिका अदा करने के लिये संवेदित किया गया । इन्हें विद्यालय अनुदान, शिक्षक अनुदान, विद्यालय मरम्मत तथा निभाव अनुदान के उपयोग के बारे में ज्ञान दिया गया । प्रशिक्षण, अभिसंस्करण, कार्यशिविर और अनुभवों को बाँटने की प्रवृत्तियों द्वारा क्षमता निर्माण अभिप्रेरण रणनीति का प्रमुख घटक रहा है । स्कुल - समुदाय के बीच संकलन बनाने, वी.ई.सी., एम.टी.ए. और पी.टी.ए.को कौशल्य प्रदान करने और उसे मजबूत बनाने के लिए उन्हें नियमित और आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण दिया गया । वी.ई.सी., एम.टी.ए. और पी.टी.ए. के अभिसंस्करण के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार की गई । वी.ई.सी. को कास्केड मोड में प्रशिक्षण दिया गया, जब कि बी.आर.सी और सी.आर.सी. संकलनकारों का प्रमुख प्रशिक्षकों के रूप में अभिसंस्करण किया गया । वी.ई.सी.,एम.टी.ए. और पी.टी.ए. के बीच लगातार बैठकें होती रहीं।

४.३ कन्या केळवणी रथयात्रा : प्रवेशोत्सव २००६

सार्वत्रिक एवं स्वयंस्फुरित जनसहभागीता से शाला प्रवेशोत्सव - २००६ की जनता का ही एक कार्यक्रम बन गया । मान. मुख्यमंत्रीश्री के नेतृत्व एवं मान. शिक्षा मंत्रीश्री की सीधी निगरानी में राज्यव्यापी प्रवेशोत्सव के प्रमुख घटक के रुप में १६, १७ और

१८ जून २००६ को आयोजित कन्या केळवणी रथयात्रा को समग्र गुजरात में प्रचंड सफलता प्राप्त हुई ।

कार्यक्रम की ज्वलंत सफलता का अंदाजा ईस बात से लगाया जा सकता है कि प्रवेशोत्सव के ईन तीन दिनों के दौरान १८,११३ गाँवों के २३,९२३ स्कूलों में कुल ६,५३,२४९ बच्चों का कक्षा - १ में नामांकन हुआ जिसमें ३,१०,८७४ लडकियाँ तथा ३,४२,३७५ लडके थे । ईन तीन दिनों के दौरान स्थानिक समुदायों द्वारा स्कूलों को कुल रु. ४,६३,५१,०६९ के मुल्य का रोकड एवं वस्तुस्वरुप दान प्राप्त हुआ । अहेवालों के मुताबिक स्कूल छोड चुके कुल ३१,०३३ बच्चों का पुनःनामांकन भी किया गया ।

प्रवेशोत्सव को सफलता सुनिश्चित करने के लिए विषेश आयोजन किए गए थे । युनिसेफ के सहयोग से ३० सेकण्ड के ८ टी.वी. स्पोट्स का निर्माण किया गया था जिन्हे जून-जूलाई २००६ के दौरान स्कूलों में सार्वत्रीक नामांकन के महत्त्वके बारे में जनजागृति पैदा करने के उद्देश्य से प्रसारित किया गया था । जनता पर महत्तम प्रभाव हो इस हेतु से मान. मुख्यमंत्रीश्री एवं मान. शिक्षा मंत्रीश्री के जन-संदेशों को १४ और १५ जून, २००६ को प्रसारित किया गया । सभी केबीनेट मंत्रीश्रियों, मुख्य सचिव एवं आई.पी.एस., आई.ए.एस., आई.एफ.एस., सचिवालय केडर तथा शिक्षा विभाग के सभी श्रेयान अधिकारियों के नेतृत्व में अल्प महिला साक्षरतावाले गाँवों में कन्या केळवणी रथयात्रा निकाली गई । पूर्व निर्धारित रणनीति के अनुसार प्रत्येक मंत्रीश्री तथा अधिकारी ने प्रति दिन ५ गाँवों की मुलाकात ली ताकि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कम से कम १५ ऐसे गाँवों की मुलाकात ली जा सके जहाँ कन्याओं का १०० प्रतिशत नामांकन सिद्ध करने तथा महिला साक्षरता बढाने के लिये विशेष प्रयास करने की सख्त जरुरत है ।

नामांकन झूंबेश को स्कूलों में आनंद-उल्लास के वातावरण में मनाया गया । नामांकन के लिये माता-पिता के साथ आये हुए तथा प्रसंग के अनुरुप सजे बच्चों का स्वागत स्कूलों में शिक्ष कों, बच्चों तथा वीईसी, एमटीए, पीटीए सदस्यों द्वारा किया गया । नवनामांकित बच्चों को तिलक किया गया तथा कागज की रंग-बिरंगी टोपियाँ पहेनाई गई । उन्हें मिठाइयाँ भी बांटी गई । उन्हें ईस बात का अहेसास कराया गया कि स्कूल एक मजेदार और आनंददायक जगह है ।

ग्राम शिक्षा समिति, एमटीए, पीटीए तथा स्व-सहाय जूथों द्वारा घनिष्ठ सहभागीता के अहेवाल राज्यभर से प्राप्त हुए । हर स्कूल में मान. शिक्षा मंत्री द्वारा प्रेषित संदेश का पठन किया गया तथा वीईसी, एमटीए, पीटीए के सदस्यों द्वारा प्रतिज्ञापत्र पर हस्ताक्षर किये गये, जिस में यह संकल्प दर्शाया गया था कि स्कूलों में बच्चों के, विशेषतः कन्याओं के १०० प्रतिशत नामांकन एवं स्थायीकरण के लिये वे संपूर्ण प्रयास करेंगे ।

दाताओं द्वारा नव नामांकित बच्चों को बस्ते, स्लेट, पेन, पेन्सिल, पाठ्यपुस्तक, नोटबुक्स तथा गणवेश का दान किया गया । अल्प महिला साक्षरतावाले गाँवों में विद्या लक्ष्मी योजना के तहत नव नामांकित कन्याओं को रु. १००० के नमूना बोन्ड दिये गये । ईस उपलक्ष्य में राज्य के सभी स्कूलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोगोंने बडी संख्या में भाग लिया ।

४.४ मिडिया की हिमायत

गुजरात में एसएसए के तहत प्राथमिक शिक्षा, खास करके लडकियों की शिक्षा की हिमायत, मिडिया और प्रत्यायन का केन्द्र रूप विस्तार रहा है । नामांकन और स्थायीकरण के मुद्दों पर काम करते शिक्षित जूथ, मिडिया संदेश, मिडिया के विकल्प आदि के विवरण के साथ अच्छी तरह डिझाईन की गई मिडिया मिक्स व्यूहनीति का उपयोग किया गया है । इसकी वजह से आधार स्तर पर समुदाय के द्वारा डीपीईपी और एसएसए ने बहुत अच्छी नामना पाई है । इसके अलावा डीपीईपी और एसएसए ने परियोजना के सभी स्तरों पर कार्यकर्ताओं में बहुत ही महत्त्वपूर्ण विश्वास का सिंचन किया है ।

४.५ स्थानिक नेताओं का प्रशिक्षण

सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत बीआरसी और सीआरसी कोओर्डिनेटर्स की तज्ज्ञता में समुदायिक नेताओं को ग्राम्य स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया । ईसके लिये ग्राम्य स्तर पर ८ सामुदायिक नेताओं का चयन किया गया, जिन्हें प्रारंभिक शिक्षा के सार्वत्रिकरण

के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने की तालीम दी गई ।

सामुदायिक नेताओं को परियोजना अमलीकरण में उनकी भूमिका के प्रति संवेदित किया गया । उन्हे स्कूल ग्रान्ट, टीचर ग्रान्ट, स्कूल रीपेर एन्ड मेईन्टेनन्स ग्रान्ट के उपयोग के लिए नवसंस्करित किया गया । प्रशिक्षण, नवसंस्करण, कार्यशिविर एवं अनुभवों के आदान-प्रदान के जरिये क्षमता निर्माण जनसहयोग के लिए अपनाई गई रणनीति का प्रमुख घटक है । स्कूल और समुदायों के बीच गठबंधन स्थापित करने के लिए वीईसी, एमटीए तथा पीटीए के कौशल्य को विकसित करने के लिए नियमित एवं आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण दिया गया । वीईसी, एमटीए तथा पीटीए की तालीम के लिए विशेष सामग्री तैयार की गई । कास्केड मोडल के जरिये वीईसी को तालीम दी गई जिस में बी.आर.सी. और सी.आर.सी. कोऑर्डीनेटर्स ने मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अदा की । वीईसी, एमटीए तथा पीटीए की बैठकें नियमित रुप से आयोजित की गई ।

४.६ सामुदायिक ढाँचों की रचना

सर्व शिक्षा अभियान के सुचारु अमलीकरण के लिए गुजरात में विलेज अेज्युकेशन कमिटि (वीईसी), विलेज सीवील वर्कस कमिटि (वीसीडबल्युसी), मधर टीचर एसोसीअेशन (एमटीए), पेरेन्ट टीचर एसोसीअेशन (पीटीए) जैसे सामुदायिक ढांचों की रचना राज्य के सभी गाँवों में की गई है ।

सभी गाँवों में पेरेन्ट काउन्सिल गठित की गई है जिनके सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया है । अब वे माता-पिता एवं समुदायों के रुख में बदलाव लाने की दिशा में सक्रिय रुप से भाग ले रहे हैं जिससे विभिन्न विकलांगताओं के बारे में उनमें जागृति लाई जा सके । अब तक सामने आए परिणामों के अनुसार, उन्हों ने विकलांग बच्चों के संकलित शिक्षण के प्रति उनके माता-पिता की सोच को असरदार तरीके से बदला है ।

हर गाँव में वीईसी, एमटीए तथा पीटीए द्वारा प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रीकरण के लिए स्थानिक रुप से हर संभव प्रयास किया जा रहा है । नियमित बैठकों द्वारा गाँवकी प्राथमिक शिक्षा संम्बन्धित समस्याओंका निराकरण किया जाता है । स्कूलों तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के व्यवस्थापन में वीईसी, एमटीए तथा पीटीए के सदस्य सक्रिय भाग ले रहे है । राज्य में वीईसी, एमटीए तथा पीटीए की रचना की स्थिति ईस प्रकार है :

गुजरात में रचित वीईसी और डबल्युईसी की संख्या :

क्रम	जिला	वीईसी की संख्या	एम.टी.ए की संख्या	पी.टी.ए की संख्या
१	अहमदाबाद	८२४	८९५	८९५
२	अमरेली	७७३	७७३	७७३
३	आणंद	१०५१	१०५१	१०५१
४	बनासकांठा	८२७	२०९४	२०९४
५	भरुच	९२६	९२६	९२६
६	भावनगर	८९४	११२८	११२८
७	दाहोद	६७१	१५२७	१५२७
८	डांग	३११	४१०	४१०
९	गांधीनगर	५६३	६४०	६४०
१०	जामनगर	११६३	१३१७	१३१७

क्रम	जिला	वीईसी की संख्या	एम.टी.ए की संख्या	पी.टी.ए की संख्या
११	जूनागढ	९१३	११३२	११३२
१२	खेडा	१६७४	१६७४	१६७४
१३	कच्छ	१२८६	१४७०	१४७०
१४	महेसाणा	९२१	९२१	९२१
१५	नर्मदा	६८०	६८०	६८०
१६	नवसारी	६२३	७४७	७४७
१७	पंचमहाल	११७४	२२६२	२२६२
१८	पाटण	७२४	८०१	८०१
१९	पोरबंदर	१५६	२९९	२९९
२०	राजकोट	१०९८	१२८३	१२८३
२१	साबरकांठा	७१६	२४३०	२४३०
२२	सुरत	१६९८	१८२६	१८२६
२३	सुरेन्द्रनगर	६९२	९४०	९४०
२४	वडोदरा	१५७६	२२४८	२२४८
२५	वलसाड	९७२	९७२	९७२
	कुल	२२९०६	३०४४६	३०४४६
२७	वडोदरा कोर्पो.	१६	२२५	२२५
२८	राजकोट कोर्पो.	२३	९९	९९
२९	सुरत कोर्पो.	३३	२७६	२७६
	कुल	११५	११३२	११३२
	कुल	२३०२१	३१५७८	३१५७८

४.६ समुदायों का योगदान

इस वर्ष नामांकन झुंबिश के दौरान परियोजना जिलों के गाँवों से स्थानिय समुदायों द्वारा बडी धनराशि तथा वस्तुओं का अनुदान प्राप्त किया गया । वी.आर.सी., अतिरिक्त वर्गखण्डों और प्राथमिक शालाओं के निर्माण हेतु गाँववालों ने जमीन के बडे प्लोट भी दान में दिए । नकद एवं जमीन के दान के अलावा स्थानिय लोगों ने पेन, पेन्सिलें, स्लेटें, नोट- बुक्स, नक्शों, चार्टों वगैरह की भी भेंट-सौगाद देकर अपना योगदान दिया । डांग जिले में लोगों का योगदान मुख्यतः देशी हिसाब, पेन, पेन्सिलों जैसी वस्तुओं का रहा ।

सामुदायिक ढाँचों के सशक्तिकरण से सही मायनों में कार्यक्रम का विकेन्द्रीकरण हो पाया है। यह पता चलता है कि वी.ई.सी., एम.टी.ए / पी.टी.ए. और पेरेन्ट काउन्सिलों को विविध विद्यालयों के व्यवस्थापन प्रवृत्ति में सक्रियता से शामिल किया गया है । परियोजना के जिलों में ग्रामवासीयों का बडे पैमाने का योगदान यह दर्शाता है कि स्थानिय समुदायों में स्वामित्व की भावना पैदा करने में बडी सफलता हांसिल हुई है ।

प्रकरण : ५

कन्या शिक्षा की समस्याओं का समाधान

५.० लडकियोंकी शिक्षा

एस.एस.ए., एन.पी.ई.जी.ई.एल. तथा डी.पी.ई.पी. के उद्देश्यों में शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक असमानताओं को कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया है । नामांकन के निम्न स्तर, लडकियों के स्थायीकरण और उपलब्धियों में, खास कर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछडे हुए संवर्ग के स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाता है । लडकियों को शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनके नामांकन एवं स्थायीकरण को बढाने के लिए गुजरात में विशिष्ठ व्युहों को अपनाया गया है । लैंगिक रूप से संवेदनशील अभ्यासक्रम और पाठ्य पुस्तकों का विकास किया गया है । सारे नये विद्यालय भवनों में लडकियों के लिए अलग शौचालयों की सुविधा दी गई है । विद्यालय में लडकियों की उपस्थिति को बढावा देने के हेतु से ई.सी.सी.ई. - ए.एस. केन्द्र भी खोले गए हैं ।

राज्य संसाधन गुटों एवं जिला संसाधन गुटों को स्थानिय विशिष्ठ जरूरतों के आधार पर कन्या शिक्षा व्यूह बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई । जनजागरण सामग्री जैसे कि पोस्टर्स, हस्तपुस्तिका और ब्रोशर्स तैयार किए गए । लैंगिक प्रशिक्षण मोडयुल्स को विशेष रूप से शिक्षकों, प्रमुख प्रशिक्षकों और बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. को.ऑर्डिनेटर्स के लिए तैयार किया गया ।

कार्यक्रम में समुदायों को, विशेषत: महिलाओं को सत्ताशील बनाने पर ज्यादा महत्त्व दिया गया है । कार्यक्रम के हर पहलु पर उनकी निर्णायक भूमिका के निभाने पर ज्यादा जोर दिया गया है । इस दिशा में, ग्राम्य स्तर की स्थानिय ईकाइयों, जैसे कि वी.ई.सी., एम.टी.ए और पी.टी.ए को उनके अपने क्षेत्र में लडकियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी निभा पाने के लिए समर्थ बनाया गया । महिला समूहों, महिला समुदायों और पंचायत के सदस्यों जैसे समुदायों को लडकियों की शिक्षा के मद्देनजर सघन तालीम दी गई । इसके साथ साथ, समुदायों और महिला संगठनों को अभिप्रेरण और विद्यालय व्यवस्थापन और नामांकन के नियंत्रण तथा प्रतिधारण एवं लडकियों पर विशेषत: ध्यान देते हुए उपलब्धि के स्तर में पिरोया गया ।

५.१ प्राथमिक शिक्षा में लैंगिक असमानताओं को कम करना

गुजरात में यह माना गया है कि महिलाओं को सामर्थ्यवान बनाने का सही तरीका उन्हें शिक्षा प्रदान करना है । माताओं को सबसे पहले शिक्षित करना होगा और उन्हें अपनी लडकियों को शिक्षित कराने के महत्त्व के बारे में जागृत कराना होगा । शिक्षा के व्याप में प्रवर्तमान लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को कम करने पर भार देते हुए, गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद द्वारा लडकियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एस.एस.ए., एन.पी.इ.जी.इ.एल. तथा के.जी.बी.वी. के तहत बहुविध व्यवधानों की आजमाईश की जा रही है। लोगों में, खास कर महिलाओं में अपने बच्चों को पाठशाला भेजने का उत्साह संचालित हो, इस हेतु द्रढ निश्चयपूर्वक कोशिशें की जा रही है । प्राथमिक शिक्षा में माँग की बढोतरी के लिए इसे जरूरी माना गया है । विद्यालयों द्वारा समुदायों और शाला के संबधो की सुदृढता के बारे में ग्राम्य समुदायों, खास तौर पर महिलाओं की ग्रंथित मान्यताओं को बदलने का व्यूह है ।

जागृति अभियान के लिए अल्प महिला साक्षरतावाले ब्लोक एवं क्लस्टर का चयन किया गया । सभी जिलों में महिला जागृति संमेलन आयोजित किए गए। अभिप्रेरण के लिए रेलियों, प्रभात फेरियों और तमाशा पार्टीओं का भी उपयोग किया गया ।

एम.टी.ए. सदस्यों और महिला समूहों की स्व-जागृति के लिए और लडकियों की शिक्षा में उनकी भूमिका के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए गुजराती में हस्तपुस्तिका और पोस्टर्स विकसित किया गया तथा सभी स्कूलों में वितरित किया गया । एम.टी.ए. के सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए बनाई गई हस्तपुस्तिका में कुछ खास विषयों को शामिल किया गया है, जैसे कि लडकियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ठ योजनाओं के बारे में जानकारी (इसीसीइ.-ए.एस.), एम.टी.ए की संरचना के लिए मार्गदर्शन, एम.टी.ए बैठकों की सारणी और बैठकों का एजन्डा, एम.टी.ए. की भूमिका और कार्य, एम.टी.ए. के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सारणी और लैंगिक संवेदीकरण के लिए करने योग्य कार्यों की सूचि ।

वर्गखंडों की आंतरक्रिया और प्रक्रियाओं में समान अवसर उपलब्ध कराने के हेतु शिक्षकों के लिए गुजराती में एक प्रशिक्षण मोडयुल विकसित किया गया और परियोजना के जिलों की सभी पाठशालाओं में इसे वितरित किया गया ।

५.२ नेशनल प्रोग्राम फोर एज्युकेशन ओफ गर्ल्स एट ओलीमेन्टरी लेवल

